# स्वास्थ्य संस्थाओं पर जांच कर मनाया विश्व उच्च रक्तचाप दिवस



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं पर बीपी, शुगर की जांच कर विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया गया तथा लोगों को इसके प्रति जागरूक किया गया। उल्लेखनीय है कि 17 मई को विश्वभर में उच्च रक्तचाप दिवस का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में आज 17 मई को जिला अस्पताल सहित सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक तथा उप स्वास्थ्य केन्द्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर उच्च रक्त चाप कि जांच करवाएं, इसे नियंत्रित करें, लंबा जीवन जियें की थीम पर उच्च रक्तचाप दिवस मनाया गया तथा बीपी, शुगर की जांच कर लोगों को इसके गंभीर परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएन सक्सेना ने जानकारी दी कि उच्च रक्तचाप तथा शुगर के प्रति जनसमुदाय में जागरूकता लाने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में 17 मई से 16 जून तक विशेष जांच अभियान चलाया जायेगा, यह अभियान जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं पर आयोजित होगा, जिसके तहत 30 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के लोगों की बीपी और शुगर की निशुल्क जांच की जायेगी तथा जांच में उच्च रक्तचाप और शुगर लेबिल अधिक पाये जाने की स्थिति में संबंधित रोगी को उपचार एवं परामर्श प्रदान किया जायेगा। डीपीएम डॉ. हेमंत रावत ने बताया कि जिला अस्पताल सहित जिले के सभी अस्पतालों एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों में 17 मई से 16 जून तक जांच अभियान चलाया जा रहा है। सभी 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों की रक्त चाप एवं मधुमेह की जांच की जावेगी, जिस हेतु सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच उपकरण एवं दवा उपलब्ध करा दी गई है, साथ ही स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर लोगों को बीपी और शुगर की जांच कराने के लिए जानकारी प्रदान की जा रही है, इसके साथ ही अभियान के तहत लोगों को स्वास्थ्य जीवन शैली अपनाने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने तथा बीपी, शुगर को नियंत्रित करने के उपायों, उपचार तथा स्वस्थ्य जीवनशैली के संबंध में जानकारी प्रदान की जायेगी।

**साइलेंट किलर है उच्च रक्तचाप**

उच्च रक्तचाप, जिसे हाइपरटेंशन भी कहा जाता है, एक ऐसी स्थिति है जिसमें धमनियों में रक्त का दबाव लगातार बहुत अधिक होता है, यह रक्त प्रवाह की मात्रा और धमनी की दीवारों के प्रतिरोध दोनों से प्रभावित होता है. उच्च रक्तचाप को अक्सर साइलेंट किलर कहा जाता है क्योंकि इसके कोई लक्षण नहीं होते हैं, लेकिन अनियंत्रित उच्च रक्तचाप गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं जैसे हृदय रोग और स्ट्रोक का कारण बनता है। नमक का अत्यधिक सेवन, शारीरिक गतिविधि की कमी, और धूम्रपान जैसे कारक उच्च रक्तचाप का कारण बनते है। इसके अलावा चिकित्सीय स्थितियाँ जैसे गुर्दे की बीमारी और कुछ हार्मोनल असंतुलन भी उच्च रक्तचाप का कारण बन जाते है। उच्च रक्तचाप के कोई लक्षण नहीं होते हैं, लेकिन गंभीर मामलों में सिरदर्द, नाक से खून आना, या दृष्टि में परिवर्तन हो सकते हैं। उच्च रक्तचाप का निदान रक्तचाप की रीडिंग से किया जाता है। रक्तचाप को सिस्टोलिक और डायस्टोलिक दबाव के रूप में मापा जाता है। नमक का सेवन कम करना, नियमित व्यायाम करना, स्वस्थ आहार लेना, और धूम्रपान छोड़ना रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करता है। यदि उच्च रक्तचाप है, तो डॉक्टर से परामर्श करना महत्वपूर्ण है।

# सफलता की कहानी

## महिलाओं के लिए उपयोगी साबित हुई लाडली बहना योजना, दलारना की उर्मिला का घरेलू महिला से व्यवसायी बनने का सफर



**श्योपुर ब्यूरो।** मध्यप्रदेश शासन की लाडली बहना योजना का व्यापक असर महिलाओं के खुशहाल जीवन के लिए देखने को मिल रहा है। राज्य सरकार की यह महत्वकांक्षी योजना आम घरेलू महिलाओं के लिए इतना उपयोगी साबित हो रही है कि महिलाएं अपना खुद का व्यवसाय कर व्यवसायी बन रही है। हर माह मिलने वाली राशि की बचत से छोटे-मोटे कारोबार से महिलाएं आर्थिक सशक्तिकरण की इबारत लिख रही है। गत 15 मई को राज्य सरकार द्वारा लाडली बहनाओं के खाते में लगातार 24वी किस्त की राशि भेजी गई, योजना के तहत 1250 रूपये प्रत्येक महिला को हर माह बगैर किसी परेशानी के सीधे बैंक खाते में प्राप्त हो रहे है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में श्योपुर जिले में ऐसी 01 लाख 9 हजार 519 महिलाएं है, जिन्हें हर माह राशि मिल रही है। राज्य सरकार की लाडली बहना योजना एक ऐसी योजना है, जिससे सर्वाधिक हितग्राही जुडे हुए है और प्रदेश में लगभग 1 करोड 27 लाख महिलाएं इसका लाभ ले रही है, इस योजना का व्यापक असर देखने को मिला है। लाडली बहना योजना में आम गृहणियों को आर्थिक रूप से संबल प्रदान करने का कार्य किया है। योजना की सफलता साबित करती है कि यह योजना महिलाओं के बीच इतनी लोकप्रिय है, जब हर माह 10 से 15 तारीख के बीच आम महिलाओं को यह कहते हुए सुना जाता है कि राशि खाते में आने वाली है और इस राशि का सदपयोग वे किस प्रकार करेंगी। योजना ने महिलाओं के हाथ में हर माह पैसा देने की गांरटी सरकार की ओर से दी है। आम महिलाओं के लिए 1250 रूपये की प्रतिमाह मिलने वाली राशि एक बडी राशि है जो उन्हें हाथ खर्च के साथ ही बच्चों की छोटी-मोटी जरूरते पूरा करने में सहायक साबित हो रही है। अब तक 24 किस्तो के माध्यम से लगभग 30 हजार रूपये की राशि प्रत्येक महिला को प्राप्त हुई है। श्योपुर जिला मुख्यालय के निकट ग्राम दलारना बगीची की श्रीमती उर्मिला शिवहरे एक ऐसी आम महिला है, जिन्होंने प्रत्येक माह मिलने वाली लाडली बहना योजना की राशि से छोटी-छोटी बचत कर किराने की दुकान खोलकर व्यवसायिक गतिविधि को अपनाया है। आज वे इस योजना के माध्यम से सफलतापूर्वक किराने की दुकान का संचालन कर रही है और अपने परिवार को आर्थिक रूप से मजबूत करने में सहयोग प्रदान कर रही है, बहुमुखी प्रतिभा की धनी श्रीमती उर्मिला शिवहरे इसके साथ ही सिलाई का कार्य भी करती है, सिलाई की मशीन भी उन्होने अपनी बचत से खरीदी है।

# डीईओ द्वारा समर कैम्प का अवलोकन

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर जारी



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में गत 5 मई से 5 जून तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रातः 6 से 8 बजे तक आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के दौरान कॉलेज ग्राउंड एवं बायपास पार्क पर फुटबाल, कराते, खो-खो, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, टेबल टेनिस, व्हालीबाल, कबड्डी खेलो में कुशल प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री एमएल गर्ग द्वारा खेल अधिकारी श्री अरूण सिंह चौहान के साथ आज ग्रीष्मकालीन खेल शिविर का अवलोकन किया गया। बायपास पार्क में चल रहे कराते प्रशिक्षण के दौरान डीईओ श्री गर्ग द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया तथा प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी ली गई। इसके उपरांत उन्होंने कॉलेज के खेल मैदान तथा इंडोर हॉल में आयोजित खेल फुटबाल, हॉकी, टेबल टेनिस, वेटलिफ्टिंग एवं देहात थाना खेल मैदान पर आयोजित खेल खो-खो के खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त किया। खेल प्रशिक्षण शिविर में आज लगभग 430 खिलाडी शामिल रहें। खेल अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में हॉकी के 100, फुटबाल के 120, खो-खो के 95, कराते में 75, वेटलिफ्टिंग के 15, टेबल-टेनिस के 20 एवं व्हालीबाल में 25 खिलाडी भाग ले रहे है। इस अवसर पर श्री आशीष दुबे युवा समन्वयक कराहल, श्रीमती बिन्दू शर्मा युवा समन्वयक श्योपुर, श्री डेलन सिंह जिला खेल प्रशिक्षक ग्रेड 02, श्री पंकज शर्मा सचिव जिला खो-खो संघ, श्री मनुप्रताप सिंह भदौरिया खेल अधिकारी पी.जी. कॉलेज, श्री सचिन वैष्णव सचिव जिला हॉकी संघ, श्री सोनू शर्मा, श्री कुणाल गौड फुटबाल प्रशिक्षक, श्री मनन गुप्ता खो-खो प्रशिक्षक, श्री सूरज भदौरिया वेटलिफ्टिंग प्रशिक्षक, श्री गौरव राजपूत टेबल-टेनिस प्रशिक्षक श्री उदय सिंह राजावत, श्री दुगेश चौहान कराते प्रशिक्षक, श्री बलवीर गुर्जर जिम प्रशिक्षक एवं वरिष्ठ खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# बासरैया एवं सेसईपुरा में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**श्योपुर ब्यूरो।** म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिविसेप्रा श्री पवन कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में श्री योगेश बंसल जिला विधिक सहायता अधिकारी, जिविसेप्रा द्वारा ग्राम बासरैया और ग्राम सेसईपुरा में नालसा एवं सालसा के प्रति जागरूकता हेतु शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर के दौरान श्री योगेश बंसल जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा उक्त ग्रामों के ग्रामीणजन को नालसा व सालसा की योजनाओं, जैसे नालसा की स्कीम- आदिवासी के अधिकारों एवं संरक्षण के लिए भी सहायता योजना, नालसा की स्कीम एसिड हमलों से पीड़ित व्यक्तियों के लिए विधिक सहायता योजना, नालसा (जागृति जमीनी स्तर पर ग्रामीण सूचना और पारदर्शिता पहल के लिये न्याय जागरूकता) योजना, 2015, नालसा स्कीम असंगठित श्रेत्र के श्रमिकों के लिये विधिक सहायता योजना, विषय पर विस्तृत रूप से जानकारी प्रदाय की। साथ ही, साथी (आधार के लिए सर्वेक्षण और ट्रैकिंग और समग्र समावेश तक पहुँच) अभियान के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया व इस बात से अवगत कराया की इस अभियान का उद्देश्य बेसहारा और कमज़ोर बच्चों की पहचान करना और उन्हें आधार कार्ड प्राप्त करने में सहायता करना है। उक्त ग्रामों में आयोजित शिविर कार्यकम में जिला पंचायत सरपंच, सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व ग्रामीणजन उपस्थित रहें।



# धानमिल सब स्टेशन से रविवार को बंद रहेगी बिजली

**श्योपुर ब्यूरो।** 33 केव्ही धानमिल सब स्टेशन पर लाईन मेंटीनेंस कार्य चलते आज 18 मई (रविवार) को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक विधुत प्रदाय बंद रहेगा। इसके चलते हजारेश्वर कॉलोनी, विकास नगर, कृष्णा पैलेस के पीछे, पटवारी कॉलोनी, वकील कॉलोनी, शिवनगर कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड, श्रीनाथपुरम कॉलोनी, रेलवे फाटक, रेस्टहाउस के आसपास का क्षेत्र, हिन्दु धर्मशाला, गैस एजेंसी रोड, बालापुरा, टोडी बाजार, ब्राम्हाण पाडा, मोती टिकिया, हम्माल मोहल्ला, पुरानी कचहरी, पुरानी सब्जीमंडी, छीपा मोहल्ला, गिट्टी क्रेशर, अस्पताल, स्टेडियम, ढेगदा, जेल के पीछे, कलेक्ट्रेट के पीछे, आंनद नगर, शिवपुरी रोड, डॉ कॉलोनी, चैनपुरा, तिरूपति कॉलोनी, बौद्धबिहार कॉलोनी एवं पुलिस लाईन क्वाटर क्षेत्र में विधुत आपूर्ति बंद रहेगी।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर कार्यशाला आयोजित



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर जिला मलेरिया कार्यालय श्योपुर में मलेरिया नियंत्रण एवं डेंगू की रोकथाम, लक्षण, उपचार पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ एसएन बिंदल, शहरी मलेरिया निरीक्षक श्री श्यामलाल बाथम एवं एविटास फाउंडेशन से प्रोग्राम ऑफिसर श्री नीरज कुमार तथा मलेरिया स्टॉफ सहित शहरी क्षेत्र की आशा कार्यकर्ताएं उपस्थित रही। इस अवसर पर मलेरिया विभाग द्वारा अस्पताल परिसर में लोगों को मलेरिया एवं डेंगू से बचाव से संबंधित जानकारी प्रदान करने वाले पेम्पलेट वितरण किए गए एवं लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को डेंगू के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही स्थाई एवं अस्थाई रूप से पानी से भरे प्लाटो एवं गड्ढों में कीटनाशक दवा का छिड़काव करने हेतु जानकारी प्रदान की गई तथा अवगत कराया गया कि कोई भी बुखार मलेरिया व डेंगू हो सकता हैं इसीलिए अपने अपने वार्डो की आशा कार्यकर्ताओं को आरडी किट से खून जांच करने हेतु प्रेरित किया गया तथा मच्छरदानी का उपयोग करने संबंधी प्रचार-प्रसार करने के लिए आशा कार्यकर्ताओ को अवगत कराया गया।

# बिजली बिल बकाया तो दर्ज नहीं होगी शिकायत, मरम्मत भी नहीं हो सकेगी

**भिण्ड ब्यूरो।** महाप्रबंधक (स ंचा ध स ंधा) म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं.लिमि. भिण्ड ने बताया है कि अगर आपके ऊपर बिजली बिल की बकाया राशि है। अचानक बिजली खंबा या लाइन से खराब होती है तो विभाग से उसकी मरम्मत कराने में आपको परेशानी हो सकती है। कारण, विभाग ने तय किया है कि, अब ऐसे उपभोक्ताओं की शिकायत दर्ज नहीं करेगा। जब शिकायत दर्ज नहीं होगी तो मरम्मत भी नहीं हो सकेगी। बता दें भिण्ड जिले में लगभग 2 लाख 73 हजार बिजली उपभोक्ता हैं, इन पर लगभग एक हजार तीन सौ चौबीस करोड़ रूपए बकाया है। बकाया राशि वसूलने के लिए विभाग कनेक्शन काटने की कारवाई तो निरंतर कर ही रहा है, साथ स्थायी रूप से विच्छेदित कनेक्शन एवं बड़े बकायादारों पर कुर्की की कार्यवाही की जा रही है। इसके अतिरिक्त बैंक खाते सीज करने, शस्त्र लाइसेंसधारियों के लाइसेंस निरस्त करने जैसी कारवाई भी कर रहा है। वर्तमान में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो चुका है। इसी के साथ बिजली समस्या को लेकर शिकायतें भी बढ़ने लगी हैं। लोगों की निजी लाइनों में फाल्ट की संख्या भी बढ़ रही है। ऐसे में विभाग ने बकाया राशि की वसूली के लिए नवीन प्रक्रिया अपनायी है, जोकि बिजली बिल का भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं के बेहतर सेवा देने के लिए शुरू की जा रही है। अब बकायादारों की शिकायतों को ऑनलाइन भी दर्ज नहीं किया जाएगा। अभी तक यह हो रहा था कि लोग विभाग के हेल्पलाइन नंबर पर फोन लगा कर शिकायत दर्ज करा देते थे, उनकी समस्या का समाधान भी हो जाता था, पर अब बकायादार जैसे ही शिकायत दर्ज कराएगा, ऑपरेटर, शिकायतकर्ता से कनेक्शन नंबर की जानकारी लेगा। कनेक्शन नंबर बताते ही बकाया राशि की डिटेल आ जाएगी, यदि राशि बकाया है तो शिकायत दर्ज नहीं होगी। विभाग ने स्पष्ट कहा है जिन उपभोक्ताओं पर बकाया राशि है, ऐसे उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति संबंधी कोई शिकायत दर्ज नहीं होगी। सभी उपभोक्ताओं को अवगत कराया जाता है कि, म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अपने सभी उपभोक्ताओ को विद्युत की सतत् आपूर्ति हेतु निरंतर प्रयासरत है। अत्याधिक गर्मी, आंधी तूफान आ आदि के कारण लाइन तारों के टूटने की संभावना बनी रहती है, जिससे विद्युत आपूर्ति में अवरोध उत्पन्न हो सकता है। जिस हेतु विद्युतकर्मी हर मौसम में दिन-रात अपनी जान को जोखिम में डालकर विद्युत प्रदाय करने हेतु लाइनों पर कार्य करते हैं। विभिन्न योजनाओं अंतर्गत विद्युत की सेवाओं को लगातार बेहतर किए जाने का प्रयास भी किया जा रहा है। सम्मानीय उपभोक्ताओं से विशेष अपील है कि राष्ट्रहित समाजहित एवं पर्यावरण हित में अपने बिजली के बिल का भुगतान समय से एवं पूरा जमा कराएं। विद्युत की चोरी न करें, न करने दें। विद्युत का अवैध रूप से उपयोग करने से बचें। बिजली बिल की बचत एवं पर्यावरण हित में, घरों पर अधिक से अधिक सोलर पेनल लगवाएं। विद्युत आपूर्ति न होनेध्लाइट जाने की समस्या होने पर दूरभाष क्रमांक 1912 पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं एवं धैर्य बनाएं रखकर सुधार होने तक विद्युत कर्मचारियों का सहयोग करें। अतः सभी सम्मानीय उपभोक्ताओं से अपील है, विद्युत का बिल समय से भरकर राष्ट्रहित, राज्यहित एवं अपने स्थान हित में अपना सहयोग प्रदान करें।

# कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में रुचि नहीं लेने पर 11 अधिकारियों को दिया नोटिस

**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर भिण्ड श्री संजीव श्रीवास्तव ने पदीय कर्तव्यों के प्रति रूचि नहीं लिये जाने एवं निर्देश के पालन में उदासीनताध्लापरवाही बरतने पर बीआरसी गोहद राज्य शिक्षा केन्द्र स्कूल शिक्षा विभाग भिण्ड श्री विजय कुमार शर्मा, एलडीएम भिण्ड श्री जितेन्द्र कुमार, उप संचालक कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग भिण्ड श्री पी.सी. पटेल, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अटेर लोक शिक्षण स्कूल शिक्षा विभाग भिण्ड श्री के.जी. शर्मा, बी.आर.सी. मेहगांव राज्य शिक्षा केन्द्र स्कूल शिक्षा विभाग भिण्ड श्री अनिल दिवाकर, जिला खेल अधिकारी भिण्ड श्री रामबाबू कुशवाहा, कार्यपालन यंत्री लहार जल संसाधन विभाग भिण्ड श्री ए.के. गुप्ता, बीआरसी लहार राज्य शिक्षा केन्द्र स्कूल शिक्षा विभाग भिण्ड श्री अजय कुमार झा, जीएम. डीआईसी भिण्ड श्री बी.एल. मरकाम, कार्यपालन यंत्री गोहद जल संसाधन विभाग भिण्ड श्री अंजुल दोहरे, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रौन, मिहोना लोक शिक्षण स्कूल शिक्षा विभाग भिण्ड श्री अरुण कुमार मिश्रा को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर कहा है कि प्रत्येक माह दिनांक 12 तारीख से ग्रेडिंग बनने तक कलेक्टर द्वारा प्रत्येक शाम 07 बजे वर्चुअल समीक्षा बैठक की जाती है जिसमें दिनांक 15 मई 2025 को आप बिना सूचना के अनुपस्थित रहे जिससे प्रतीत होता की शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली एवं समाधान ऑनलाइन में प्रत्येक माह मुख्यमंत्री जी द्वारा समीक्षा की जाने वाली जिले की सीएम हेल्पलाइन ग्रेडिंग में शिकायतों के निराकरण हेतु आपके द्वारा रूचि नहीं ली जा रही है एवं आपके ना जुड़ने से विभाग की समीक्षा नहीं हो सकी। दिनांक 15 मई 2025 की स्थिति में विभाग अंतर्गत ग्रेडिंग पीरियड की शिकायतें तथा 50 दिवस से अधिक की शिकायतें लंबित हैं। आज दिनांक 15 मई की विभागीय प्रगति जीरो प्रोग्रेस है, जिससे प्रतीत होता है कि आपके द्वारा वरिष्ठ के निर्देशों की लगातार अवहेलना की जा रही है एवं शिकायतों के निराकरण तथा विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु कार्य नहीं किया जा रहा है, यह स्थिति परिलच्छित करती है कि आपके स्तर पर पदीय कर्तव्यों के प्रति रूचि नहीं लिये जाने, निर्देश के पालन में उदासीनताध्लापरवाही बरती जा रही है। उक्त स्थिति संतोषजनक नहीं है इस हेतु क्यों ना आपके विरूद्ध सिविल सेवा आचरण नियम 1965 एवं 1966 में वर्णित प्रावधान अनुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावे अथवा वरिष्ठ स्तर पर इस संबंध में प्रस्ताव प्रेषित किया जावे।आप इस सम्बन्ध में अपना पक्ष 24 घंटे में समक्ष में उपस्थित होकर आवश्यक जानकारीध्तथ्यों के साथ प्रस्तुत करें, अन्यथा की दशा मे आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया जारी

**श्योपुर ब्यूरो।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में भी प्रवेश प्रक्रिया जारी है। आईआईटी में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी अपने कम्प्यूटर या एंड्रॉयड मोबाइल फोन अथवा ऑनलाइन सहायता केन्द्रों के माध्यम से विभाग के पोर्टल https://mpiticounseling.co.in/ पर 31 मई तक अपना पंजीयन व च्वॉइस फिलिंग कर सकते हैं। आईटीआई श्योपुर में 05 व्यवसायिक पाठ्यक्रम संचालित हैं। आईटीआई के प्राचार्य श्री आशीष जैन ने बताया कि आईटीआई में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी पंजीयन उपरांत संस्थाओं तथा व्यवसायों के क्रम का चयन 10 मई से 31 मई तक कर सकेंगे। इसी क्रम में 5 जून को आवेदकों के लॉगइन पर कॉमन रैंक प्रदर्शित की जायेगी। इसमें यदि आवेदकों को कोई त्रुटि सुधार कराना हो तो ईमेल mpiticounselingw®wz@gmail.com के माध्यम से अपने रजिस्ट्रेशन क्रमांक व अंक सूची के आधार पर 6 जून से 8 जून तक सुधार करा सकेंगे। विस्तृत जानकारी के लिये प्रवेश प्रभारी श्री अतुल चतुर्वेदी मोबाइल नंबर 7047515000 से संपर्क किया जा सकता है।

**आईटीआई श्योपुर में यह ट्रेड हैं संचालित**

आईटीआई श्योपुर में 05 व्यवसायिक पाठ्यक्रम संचालित हैं। जिनमें कोपा, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, मैकेनिक डीजल, स्टेनोग्राफर (हिंदी) शामिल हैं।

# आर्म्स शाखा प्रभारी अधिकारी एवं शाखा प्रभारी, आर्म्स शाखा के नवीन एवं नवीनीकरण संबंधी कोई भी आवेदन सीधे प्राप्त नहीं करेंगे - कलेक्टर

## समस्त लोकसेवा केन्द्र आर्म्स शाखा से संबंधित प्राप्त होने वाले आवेदनों को नियमानुसार विभागीय पोर्टल पर निर्धारित शुल्क के साथ ऑनलाईन दर्ज करेंगे

**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर भिण्ड श्री संजीव श्रीवास्तव द्वारा प्रभारी अधिकारी आर्म्स शाखा कलेक्ट्रेट भिण्ड तथा शाखा प्रभारी आर्म्स शाखा कलेक्ट्रेट भिण्ड को तत्काल प्रभाव से निर्देशित किया गया है कि आर्म्स शाखा के नवीन एवं नवीनीकरण संबंधी कोई भी आवेदन सीधे प्राप्त नहीं करेंगे तथा समस्त आवेदनों को नियमानुसार लोकसेवा केन्द्रों के माध्यम से प्राप्त कर उनका समय-सीमा में निराकरण करना सुनिश्चित करेंगे। लोकसेवा केन्द्रों से प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों का केन्द्र से प्राप्त करने पर एवं निराकरण उपरांत पुनरू वापिस करने हेतु पंजी संधारण करेंगे ताकि कोई भी आवेदन गुम न हो। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव द्वारा जिला अन्तर्गत संचालित समस्त लोकसेवा केन्द्रों को निर्देशित किया गया है कि आर्म्स शाखा से संबंधित प्राप्त होने वाले आवेदनों को नियमानुसार विभागीय पोर्टल पर निर्धारित शुल्क के साथ ऑनलाईन दर्ज करेंगे तथा उक्त आवेदनों एवं आवश्यक सहदस्तावेजों सहित शाखा, प्रभारी, आर्म्स शाखा, कलेक्ट्रेट भिण्ड को उपलब्ध करायेंगे तथा आपके स्तर पर पृथक से पंजी संधारण करेंगे एवं पावती प्राप्त करेंगे एवं निराकरण उपरांत संबधित आवेदक को तत्कालध्उपस्थित होने पर व्यवस्थित रूप से उसे उपलब्ध करायेंगे एवं इस हेतु विधिवत रिकार्ड, संधारित पंजी में सुरक्षित रखेंगे। उक्त आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

# कलेक्टर ने जनसामान्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश किया जारी

## ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए की भूसा एवं तूरी में आग लगने के कारण जान-माल की क्षति, होने की संभावना के दृष्टिगत किया आदेश

**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी भिण्ड श्री संजीव श्रीवास्तव ने जनसामान्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आपदा प्रबन्धन अधिनयम अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर कहा है कि जिला भिण्ड में विभिन्न व्यक्तियों द्वारा भूसा एवं तूरी का वृहत स्तर पर संग्रहण किया जा रहा है। ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए की भूसा एवं तूरी में आग लगने के कारण जान-माल की क्षति होने की संभावना है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी भिण्ड श्री संजीव कुमार श्रीवास्तव ने जनसामान्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आपदा प्रबन्धन अधिनयम, 2005 की धारा 30 अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश पारित किया है कि जिला भिण्ड में भूसा एवं तूरी तथा अन्य कृषि उत्सर्जित अपशिष्ट जो कि ज्वलनशील प्रकृति के हों, के संग्रहण स्थल का कुल क्षेत्रफल 1000 वर्ग मीटर से अधिक होने पर सम्बंधित व्यक्ति द्वारा समुचित अग्निशामक संसाधनों जिसमें न्यूनतम 5000 लीटर क्षमता का पानी का एक पम्पयुक्त टैंकर एवं आवश्यक लम्बाई का पाइप की व्यवस्था किया जाना अनिवार्य होगा। समस्त प्रकार के भूसा एवं तूरी तथा अन्य कृषि उत्सर्जित अपशिष्ट जो कि ज्वलनशील प्रकृति के हों, के संग्रहण स्थल की जानकारी सम्बंधित व्यापारी द्वारा क्षेत्र के तहसीलदार को उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होगा। सम्बंधित तहसीलदार ऐसे समस्त संग्रहण स्थलों की एक पंजी संधारित करेंगे एवं समय-समय पर स्थल निरीक्षण कर प्रतिवेदन सम्बंधित अनुविभागीय अधिकारी को प्रस्तुत करेंगे। उपरोक्त आदेश के उल्लंघन की दशा में सम्बंधित के विरुद्ध समुचित वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। चूंकि इस आदेश को सर्वसम्बंधित की ओर व्यक्तिशः तामील कराया जाना संभव नहीं है।

# आमजन द्वारा निराश्रित पशुओं को चारा डालने हेतु समस्त एसडीएम समुचित संख्या में स्थान चिन्हित करायें-कलेक्टर

## कलेक्टर ने लोक सुविधा को ध्यान में रखते हुए किया आदेश

**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर भिण्ड श्री संजीव श्रीवास्तव ने आदेशित कर कहा है कि निराश्रित गौवंशध्अन्य पशुओं को आमजन द्वारा यत्र-तत्र बेतरतीब ढंग से सडक किनारे तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर चारा डाला जाता है जिससे सार्वजनिक स्थानों पर पशु एकत्रित होते हैं जिस कारण आवागमन प्रभावित होता है तथा पशुओं के साथ दुर्घटना होने की आशंका रहती है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी भिण्ड श्री संजीव कुमार श्रीवास्तव ने उपरोक्त समस्या के निवारण एवं लोक सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह आदेश पारित किया है कि प्रत्येक अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अपने अनुभाग में निराश्रित पशुओं हेतु समुचित संख्या में ऐसे स्थान चिन्हित करायेंगे जहां पर आमजन द्वारा निराश्रित पशुओं को चारा डाला जा सके, स्थान चयन में यह विशेष ध्यान रखा जायेगा कि चयनित स्थल यातायात मार्ग से दूर हो। चयनित स्थानों पर पशुओं हेतु पेयजल की व्यवस्था स्थानीय नगरीय विकासध्ग्राम पंचायत के माध्यम से करवायी जायेगी। समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) उपरोक्तानुसार कार्यवाही कर पालन प्रतिवेदन आदेश दिनांक 7 दिवस में कलेक्टर को प्रस्तुत करेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

# रात्रि में निर्माणाधीन तीन मंजिला इमारत से गिरा मजदूर, हुई मौत

## पुट्टी का काम कर रहा था युवक



**शिवपुरी ब्यूरो।** थीम रोड स्थित राम स्टील के पीछे एक निर्माणाधीन इमारत में शुक्रवार रात एक मजदूर की गिरकर मौत हो गई। हादसा रात करीब 10 से 11 बजे के बीच हुआ। मृतक की पहचान ग्वालियर जिले के किला गेट थाना क्षेत्र निवासी 30 वर्षीय नरेन्द्र उर्फ बट्टन राय के रूप में हुई है। वह इमारत में पुट्टी का काम कर रहा था और वहीं ठहरा हुआ था। पुलिस के अनुसार नरेन्द्र रात में सीढ़ियों से नीचे उतरने का प्रयास कर रहा था, तभी उसका संतुलन बिगड़ गया और वह ऊंचाई से नीचे गिर गया। हादसे के तुरंत बाद साथियों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली में पदस्थ एसआई सुमित शर्मा ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण किया जा रहा है और इमारत मालिक के बयान भी लिए जाएंगे। जांच के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि हादसा लापरवाही की वजह से हुआ या अन्य कोई कारण रहा।

**खेत में मिला एक युवक का शव, दो दिन पहले ही गुजरात से आया था**

शिवपुरी। कोतवाली थाना क्षेत्र के लालमाटी इलाके के एक खेत में 26 वर्षीय युवक की अचानक मौत हो गई। मृतक की पहचान मनियर निवासी जितेन्द्र राठौर के रूप में हुई है।

# सचिव ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण, दिये आवश्यक निर्देश



**धौलपुर ब्यूरो।** सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव द्वारा हाऊसिंग बोर्ड धौलपुर में स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया गया तथा वृद्धाश्रम में आवासित वरिष्ठजनों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं का जायजा लिया एवं वृद्धजनों को प्राथमिक उपचार किट एवं मैनू अनुसार समय पर भोजन एवं सुरक्षा व्यवस्था इत्यादि का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने वृद्धश्रम में रह रहे वृद्धजनों एवं उपस्थिती पंजिका का अवलोकन किया जिसमें 10 वृद्धजन उपस्थित मिले तथा वृद्धाश्रम की साफ सफाई का जायजा लिया वृद्धों से उनको दिए गए नाश्ता एवं भोजन के संबंध में जानकारी ली एवं उनकी समस्याएं सुनी तथा वृद्धाश्रम में आवासित वरिष्ठ नागरिकों के लिए नालसा योजना 2016 वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं के अंतर्गत आने वाले संवैधानिक विधिक अधिकारों के बारे में उपस्थित सभी वरिष्ठ नागरिकों को जानकारी दी एवं वरिष्ठ नागरिकों को प्रदान की जाने वाली मूलभूत सुविधाओं साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल, भोजन, आवास, चिकित्सीय सुविधाओं इत्यादि का जायजा लिया। वृद्धाश्रम में सफाई व्यवस्था अव्यवस्थित मिली एवं एक बैंच टूटी मिली। इस पर सचिव ने वृद्धाश्रम इंचार्ज को निर्देशित करते हुए कहा कि कमियों को तुरंत सही करवाया जाना सुनिश्चित करें। एक वृद्धजन द्वारा अपनी बीमारी के बारे में बताया तथा एक वृद्धजन द्वारा पेंशन बंद होने का जिक्र किया इस पर उनके दस्तावेजों को लेकर उनकी पेंशन चालू करवाने हेतु आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने वृद्धाश्रम के कमरों, रसोई घर, शौचालय, स्नान गृह इत्यादि का भी अवलोकन किया तथा उपस्थित स्टाफ को वृद्धजनो को गर्मी से बचाव हेतु आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने के दिशा-निर्देश दिये एवं वृद्धजनों को समय समय पर मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।

# केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने किया जिला चिकित्सालय का निरीक्षण, व्यवस्थाओं एवं संसाधनों को लेकर की चर्चा

## सीएमएचओ और सिविल सर्जन को दिए निर्देश, कहा- प्लान तैयार करके कल तक बताएं



**शिवपुरी ब्यूरो।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने शिवपुरी भ्रमण के दौरान जिला अस्पताल पहुंचकर विभिन्न वार्डो का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं एवं संसाधनों को लेकर चर्चा की, जिससे स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर किया जा सके। कुछ समय से जिला अस्पताल में पास सिस्टम प्रारंभ करने से चोरी की घटनाएं कम हुई है और सुरक्षात्मक वातावरण बढ़ा है। अनावश्यक भीड़ नियंत्रित हुई है। इस पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक मरीज के साथ एक या दो अटेंडर ही रहे। ऐसी व्यवस्था निर्मित करें।जिन संसाधनों की आवश्यकता है उसका प्लान तैयार करके कल तक बताएं, सिविल सर्जन और सीएमएचओ को यह निर्देश दिए। ऐसे क्रिटिकल एरिया जहां पूरा टाइम लाइट की आवश्यकता है। इसे आइडेंटीफाई करें और वहां परमानेंट जनरेटर होना चाहिए। अस्पताल के लिए बिल्डिंग की जरूरत है उसका प्लान तैयार करें। इसमें एक विकल्प है पुरानी क्षतिग्रस्त बिल्डिंग है उसके स्थान पर वहां न्यू बिल्डिंग बनाई जा सके। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सभी चिकित्सकों द्वारा बेहतर काम किया जा रहा है। इसी प्रकार काम करते रहें। सिविल सर्जन डॉ यादव ने बताया कि 1958 में इस चिकित्सालय की शुरुआत हुई और धीरे धीरे सुविधाओं का विस्तार हुआ है। आज सीसीटीवी कैमरा से 24 घंटे मॉनिटरिंग की जा रही है। पानी के लिए नए वॉटर कूलर लगाए गए हैं। नए 32 एसी लगे हैं। अटेंडर के लिए सिटिंग एरिया बढ़ाया गया है। महिलाओं की निजता को ध्यान रखते हुए 12 ब्रेस्ट फीडिंग कॉर्नर बने हैं।निशुल्क दवा वितरण केंद्र का विस्तारीकरण, नवीन आयुष्मान सेंटर,रोगी कल्याण समिति आदि की कार्यप्रणाली पर चर्चा की।नवाचार के तहत आंतरिक परिवहन में ई रिक्शा का उपयोग किया जा रहा है जिससे सामग्री को पहुंचाया जाता है। सिविल सर्जन ने कहा कि मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए चिकित्सालय की क्षमता को 400 बिस्तर से बढ़ाकर 600 विस्तरीय किया जाए। मल्टी स्किल्ड वर्कर ग्रुप डी के 62 पद स्वीकृत हैं परंतु एक भी पद भरा नहीं है। शव वाहन, एम्बुलेंस,जेनरेटर की आवश्यकता बताई।

**केन्द्रीय मंत्री सिंधिया 18-19 मई को रहेंगे जिले के भ्रमण पर**

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 18 एवं 19 मई को जिले के भ्रमण पर रहेगें। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि जारी कार्यक्रम के अनुसार श्री सिंधिया 18 मई को रात्रि 9.40 बजे श्रीपुर चक्क से प्रस्थान कर रात्रि 11 बजे चंदेरी किला कोठी आयेगें एवं रात्रि विश्राम करेगें। श्री सिंधिया 19 मई को प्रातः10 बजे किला कोठी से प्रस्थान कर प्रातः10.10 बजे हरकुण्ड चुंगी आयेगें एवं शोक संतृप्त परिवारों के घर पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त करेगें। प्रात 10.20 बजे हरकुण्ड चुंगी नाका से प्रस्थान कर नियर मेला ग्राउण्ड चंदेरी पहुंचेगे एवं विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेगें। प्रातः 11.30 बजे मेला ग्राउण्ड चंदेरी से प्रस्थान कर दोपहर 12.15 बजे ग्राम कालीटोर चंदेरी पहुंचेगें एवं ग्राम चौपाल में भाग लेगें। दोपहर 01.15 ग्राम कालीटोर से प्रस्थान कर दोपहर 01.30 बजे ईसागढ़ पहुंचेगें। दोहपर 01.30 बजे से दोपहर 02 बजे तक तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होगें। दोपहर 02 से दोपहर 03 बजे तक विकास कार्यो का लोकार्पण एवं शिलान्यास, दोपहर 03.30 बजे ईसागढ़ से प्रस्थान कर सायं 04.15 बजे छैघरा कालोनी वार्ड नं.22 अशोकनगर आयेगें एवं सौजन्य भेंट करेगें। सायं 04.30 बजे छैघरा से प्रस्थान कर शोक संतृप्त परिवारों के घर पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त करेंगे। तत्पश्चात सायं 04.45 अशोकनगर से भोपाल के लिए रवाना होंगे।

# सेना के सम्मान में निकली भव्य तिरंगा यात्रा, केंद्रीय मंत्री सिंधिया हुए शामिल



**शिवपुरी ब्यूरो।** ऑपरेशन सिंदूर के तहत सेना द्वारा की गई कार्यवाही के बाद सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। यह तिरंगा यात्रा तात्या टोपे स्मारक से शुरू हुई और माधव चौक चौराहा पर जाकर रैली का समापन हुआ। हाथ में तिरंगा झंडा लेकर देशभक्ति तारों के साथ पूरी टीम निकली। माधव चौक पर आयोजित सभा में केंद्रीय मंत्री ने संबोधित किया। शिवपुरी में आयोजित तिरंगा यात्रा के अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधियों, और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भारत की सेना की वीरता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की। यह यात्रा राष्ट्रप्रेम, एकता और आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का प्रतीक बनी। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत माता की यह भूमि हजारों वर्षों से वीरों को जन्म देती रही है। आज का भारत वह नहीं जो चुप बैठ जाए, बल्कि वह है जो ईंट का जवाब पत्थर से देता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने यह सिद्ध कर दिया है कि वह आतंकवाद का मुँहतोड़ जवाब देने में सक्षम है।उन्होंने आगे कहा कि आज देश का हर नौजवान तिरंगे की रक्षा के लिए अपने प्राण देने को तैयार है। हमारी सेना ने जो जवाब दिया है, वह इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। प्रधानमंत्री ने तीनों सेनाओं को स्वतंत्र निर्णय लेने की अनुमति दी और सेना ने आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया। वायुसेना ने मिसाइल द्वारा उन ठिकानों को ध्वस्त किया, जिससे उनके रनवे तक निष्क्रिय हो गए। उन्होंने कहा कि भारत अब केवल एक भूभाग नहीं बल्कि एक सशक्त विचार बन चुका है।प्रधानमंत्री ने स्पष्ट संदेश दिया कि यदि भारत पर आतंकी हमला होगा तो युद्ध निश्चित है- गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा। इस तिरंगा यात्रा के अंत में सभी वक्ताओं ने भारतीय सेना को नमन करते हुए राष्ट्र की एकता और अखंडता की शपथ ली। विधायक देवेंद्र जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा लिए गए साहसिक निर्णयों के लिए देश की जनता आभारी है। उन्होंने कर्नल, विंग कमांडर और सुरक्षा प्रमुख का आभार व्यक्त किया। पिछोर विधायक प्रीतम लोधी ने कहा कि आज देश के लिए कुछ कर गुजरने का मौका मिला है और हर भारतवासी को सेना का सम्मान करना चाहिए। कोलारस विधायक महेंद्र यादव ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से हमारी सेना ने यह दिखा दिया कि अब भारत किसी के सामने नहीं झुकता।



## केंद्रीय मंत्री ने खिलाड़ियों के साथ खेला क्रिकेट, उनका किया उत्साहवर्धन

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने श्रीमंत माधवराव सिंधिया जिला खेल परिसर में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों और कोचों को सम्मानित किया। अपने भाषण में उन्होंने कहा, अगली बार जब मैं आऊँ तो मेरी स्टेज धूप में और बच्चे छांव में बैठें, यही मेरा आग्रह है। सिंधिया ने शिवपुरी की भूमिका को खेलों में विशेष बताते हुए कहा, यह सिर्फ शिवपुरी जिले की नहीं, न ही सिर्फ मध्यप्रदेश की, बल्कि पूरे देश की शान है। उन्होंने कहा कि सिंधिया परिवार की अगली पीढ़ी ने मध्यप्रदेश लीग की शुरुआत की है, जो एक दिन आईपीएल जैसी लोकप्रियता हासिल करेगी। उन्होंने गर्व के साथ उल्लेख किया कि पिछले साल ग्वालियर में खेले गए टूर्नामेंट की पाँच टीमों में से छह खिलाड़ी अब आईपीएल में खेल रहे हैं।कार्यक्रम का समापन बधाई और प्रेरणास्पद संदेशों के साथ हुआ, जिसमें सिंधिया ने आश्वासन दिया कि आपको आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी मेरी होगी। केंद्रीय मंत्री ने मैदान में उतरकर खिलाडियों के साथ क्रिकेट भी खेल और उनका उत्साहवर्धन किया।

# नरवर पुलिस ने 120 लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार




**शिवपुरी ब्यूरो।** नरवर थाना पुलिस ने अवैध रूप से हाथ भट्टी की कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर करैरा न्यायालय में पेश किया है।। आरोपी के कब्जे से 120 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। नरवर टीआई केदार सिंह यादव के अनुसार आज मुखबिर की सूचना पर ग्राम नारायणपुर जाने वाले रास्ते के पास कुशबाह की मडैया नारायणपुर से आरोपी पंजाब सिंह परमार पुत्र नरेश सिंह परमार उम्र 32 साल निवासी निजामपुर मगरौनी चौकी मगरौनी थाना नरवर जिला शिवपुरी को दो नीले रंग की प्लास्टिक की 60-60 लीटर की केनो मे कुल 120 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब कीमती 13000 रूपये को अवैध रूप से रखे पाये जाने पर आरोपी के कब्जे से उक्त शराब को विधिवत जप्त कर मौके पर सील्ड कर ई साक्ष्य से कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया बाद माननीय न्यायालय करैरा पेश किया जेल बारंट प्राप्त होने पर उपजैल करैरा दाखिल किया। उक्त कार्रवाई में निरी. केदार सिहं यादव थाना प्रभारी नरवर, सउनि परमाल सिंह, सउनि राकेश यादव, प्र.आर. सोनू यादव. विपिन यादव, आर. अजय माँझी, सुनील रावत, अजय गुर्जर, हुकुम सिंह, सायल खाँन, राजवहादुर चौकोटिया, गौरव जाट, महेन्द्र कुशबाह, धर्मेन्द्र सिंह, महिला आर. कीर्ति मोर्य की सराहनीय भूमिका रही है।

# सचिव ने किया बाल संप्रेषण एवं किशोर गृह का निरीक्षण



**धौलपुर ब्यूरो।** सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश रेखा यादव द्वारा राजकीय बाल संप्रेषण एवं शिशु गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मूलभूत सुविधाओं से लेकर गृह के संचालन का जायजा लिया। उन्होंने संप्रेषण गृह के सभी बालकों से रूबरू होकर संप्रेषण गृह में निरुद्ध बालकों को अनुशासित दिनचर्या में रहने, अच्छा नागरिक बनने, जीवन में सुधार करने एवं रचनात्मक कार्य करने की सीख दी एवं बालकों को जीवन में सुधार लाते हुए अच्छी पुस्तक पढ़ने, विद्या अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने संप्रेषण गृह में खाद्य वस्तुएं एवं जल भण्डारन की व्यवस्था का जायजा लिया एवं सुरक्षा के लिए तैनात गार्ड एवं सीसीटीवी कैमरों के संबंध में जानकारी प्राप्त की साथ ही छोटे बालकों से भी उनके पढ़ाई के बारे में चर्चा की एवं मनोरंजन के साधनों के बारे में भी पूछा। संप्रेषण गृह में बच्चों के भोजन, आवास, चिकित्सीय व्यवस्था, रसोई घर, शौचालय, स्नान गृह इत्यादि सुविधाओं का जायजा लिया तथा शिशु गृह के बच्चों के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा संप्रेषण गृह में कमरों की साफ सफाई एवं बच्चों को पढ़ने की किताबें उपलब्ध कराने के आवश्यक निर्देश दिए तथा गर्मी के मौसम को देखते हुए बच्चों को आवष्यक सुविधा मुहैया उपलब्ध कराने के भी निर्देष दिए। इस अवसर पर प्रिंसीपल मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड नीतू, संप्रेषण गृह के संजय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आशुलिपिक राहुल डंडोतिया एवं विधि महाविद्यालय के छात्र सुनील कुमार, हर्ष श्रोती मौजूद रहे।

# लखन सेन बने भाजपा झिरी मंडल के महामंत्री

**शिवपुरी ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी झिरी मंडल की कार्यकारिणी घोषित हाल ही में हुई है जिसमें झिरी मंडल मैं महामंत्री की जिम्मेदारी श्री लखन सेन जी को दी गई है प्राप्त जानकारी के अनुसार लखन सेन जी ने बताया कि ज्योतिरादित्य सिंधिया महाराज साहब जी के आशीर्वाद से पुनः अपने भाजपा झिरी मंडल में महामंत्री पद दिया गया है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव, पूर्व मंत्री सुरेश राठखेड़ा पोहरी, मंडल अध्यक्ष आशुतोष जैमिनी, झिरी मंडल अध्यक्ष विष्णु परिहार के नेतृत्व में कार्यकारिणी की जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी गई है जो दायित्व मुझे दिया गया है उसका मैं आभारी हूं जिसमें भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करता हूं और भारतीय जनता पार्टी में आगे भी कार्य करता रहूंगा। सभी भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता समाज के लोगों का बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आवार व्यक्त करता हूं।

# जिले के छात्रावासों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया आरम्भ

**धौलपुर ब्यूरो।** सामामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा जिले में संचालित राजकीय अनुसूचित जाति, जन जाति, देवानागरायण योजनान्तर्गत विद्यालय, महाविद्यालय स्तरीय छात्रावासो में वर्ष सत्र 2025-26 के लिए 16 मई से ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ की जा रही है। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने बताया कि इस संबंध में पूर्व की भांति विभाग द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाने की व्यवस्था लागू होगी। उन्होंने बताया कि विभागीय राजकीय छात्रावास एवं आवासीय विद्यालय एवं अन्य सामान्य दिशा निर्देश का वृस्तत विवरण विभाग की वेबसाईट sje.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।




# पारिवारिक विवाद के चलते युवक ने पत्नी-बच्ची सहित आत्महत्या करने की बात सोशल मीडिया पर कही

**शिवपुरी ब्यूरो।** खनियाधाना में एक पारिवारिक संपत्ति विवाद ने गंभीर मोड़ ले लिया है। रविन्द्र कोली नामक युवक ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर अपनी पत्नी और 6 माह की बच्ची के साथ आत्महत्या की धमकी दी है। रविन्द्र ने बताया कि पिता की मृत्यु के बाद वह 8 महीने तक खनियाधाना से बाहर रहा। हाल ही में वह मकान-संपत्ति विवाद के कारण वापस लौटा। उसका आरोप है कि उसका भाई रोहित कोली, मां गोमती कोली और दो बहनें उसे संपत्ति से वंचित करना चाहते हैं। रविन्द्र का कहना है कि उसके भाई रोहित ने, जो एक पुलिस मामले में फरार है... उसने खनियाधाना पुलिस की मदद से उसे रात में घर से उठवाने का प्रयास किया। रविन्द्र को अपनी जान बचाने के लिए छत से कूदना पड़ा। इसके बाद पुलिस उसकी मां को साथ ले गई और उसके खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज करवाई। युवक ने शिवपुरी कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी और एसपी अमन सिंह राठौड़ से न्याय की गुहार लगाई है। खनियाधाना थाना प्रभारी सुरेश शर्मा के अनुसार रविन्द्र घर पर विवाद कर रहा था। उसकी मां की शिकायत पर पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि रविन्द्र ग्वालियर में रहता है और जुआ-सट्टे का आदी है।

**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना संख्याः 2025- मई -04 दिनांक 15.05.2025

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग / उत्तर मध्य रेल आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से नीचे दिये गये कार्यों के लिये ''खुली निविदा'' ई-टेण्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| क्रम संः 1 | निविदा सं.:2025-मई-04-01 | अनुमानित लागत ₹: ₹ 256825408.89 |
| कार्य का विवरणःमथुरा-पलवल खंड में सीआरओ / अतिक्रमण को रोकने के लिए रेलवे ट्रैक के सहारे आरसीसी बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य (आरसीसी प्रीकास्ट बाउंड्री वॉल)। | | |
| क्रम संः 2 | निविदा सं.:2025-मई-04-02 | अनुमानित लागत ₹: ₹ 65139788.02 |
| कार्य का विवरणः मथुरा - पलवल खंड में सीआरओ / अतिक्रमण को रोकने के लिए रेलवे ट्रैक के सहारे मौजूदा कास्ट इन-सीटू आरसीसी बाउंड्री वॉल को ऊंचा करने का कार्य। | | |
| क्रम संः 3 | निविदा सं.:2025-मई-04-03 | अनुमानित लागत ₹: ₹ 29033218.75 |
| कार्य का विवरणः मथुरा-पलवल खंड में सीआरओ / अतिक्रमण को रोकने के लिए रेलवे ट्रैक के सहारे स्टील वर्क द्वारा मौजूदा बाउंड्री वॉल को ऊंचा करने का कार्य। | | |

निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की बेवसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। निविदायें केवल बेवपोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से दिनांक 04.06.2025 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 843/25(DG)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना**

ई-निविदा सूचना सं0 2025-मई-02 दिनांक 14.05.2025

**मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेल, आगरा** द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये ''खुली निविदा'' ई-टेण्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| **कार्य का विवरणः** सहायक मंडल इंजी.(मुख्या.)/आगरा छावनी के अधीन यमुना ब्रिज-टूण्डला खंड के विभिन्न यार्डों में टी.आर.आर (एस), टी.टी.आर जैसे यार्ड सुधार कार्य। | |
| निविदा सं.: 2025-मई-02-01 | अनुमानित लागतः ₹ 7469858.70 |
| **कार्य का विवरणः** सहायक मंडल इंजी.(मुख्या.)/आगरा छावनी के अधीन आगरा कैंट-बिल्लोचपुरा खंड के विभिन्न यार्डों में सी.टी.आर.एस (एस.), टी.एस.आर (एस), टी.आर.आर (एस), टी.बी.आर, टी.टी.आर और टी.एफ.आर जैसे यार्ड सुधार कार्य। | |
| निविदा सं.: 2025-मई-02-02 | अनुमानित लागतः ₹ 16649242.42 |
| **कार्य का विवरणः** सहायक मंडल इंजी.(मुख्या.)/आगरा छावनी के अधीन यमुना ब्रिज-बयाना खंड के विभिन्न यार्डों में टी.आर.आर (एस), टी.टी.आर, टी.एस.आर (एस), टी.बी.आर और टी.एफ.आर जैसे यार्ड सुधार कार्य। | |
| निविदा सं.: 2025-मई-02-03 | अनुमानित लागतः ₹ 12306901.39 |
| **कार्य का विवरणः** सहायक मंडल इंजी.(लाइन)/आगरा (14 यार्ड) के अंतर्गत ईदगाह-बाँदीकुई खंड में विभिन्न यार्ड सुधार कार्य। | |
| निविदा सं.: 2025-मई-02-04 | अनुमानित लागतः ₹ 6269874.25 |
| **कार्य का विवरणः** मथुरा-पलवल खंड में 25.305 कि.मी. टी.आर.आर(पी) का कार्य। | |
| निविदा सं.: 2025-मई-02-05 | अनुमानित लागतः ₹ 9465450.22 |

निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। निविदायें केवल वेबपोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से दिनांक 03.06.2025 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 840/25 FA

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मण्डल विद्युत अभियन्ता (क0वि0), उत्तर मध्य रेलवे, आगरा द्वारा खुली निविदा निम्न विवरणानुसार आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या : AGCTRDT202508 | कार्य पूर्ण करने की अवधि : 12 माह |
| अनुमानित लागत : ₹ 1,99,73, 664.78/- | धरोहर राशि : ₹ 2,49,900/- |
| कार्य का नामः "आगरा मंडल में यात्री एस्केलेटर और एफओबी के प्रावधान" के कारण ओएचई में संशोधन। | |

1. निविदा पत्र भारतीय रेलवे की वेब साइट (www.ireps.gov.in) पर देखा व भरा जा सकते हैं।
2. निविदा पत्र सिर्फ भारतीय रेलवे की वेब साइट (www.ireps.gov.in) पर दि. 09.06.2025 को 15.30 बजे तक भरा जा सकता है।

851/25(DG)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा संख्या : AGC-EL-C-T-08R-2024-25 दिनांक : 15.05.2025

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य बिजली अभियंता/नि0-/उ0म0रे0/आगरा द्वारा निर्धारित फार्म पर निम्नलिखित कार्य हेतु खुली निविदा ओन लाइन इ-टेन्डरिंग द्वारा आमंत्रित करते है।

| | |
|---|---|
| **कार्य का नाम लोकेशन सहित** : उत्तर मध्य रेलवे के आगरा डिवीजन के अंतर्गत जमुना ब्रिज यार्ड में ट्रामवे प्रकार ओएचई को पारंपरिक ओएचई में परिवर्तित करने के कारण ओएचई में संशोधन। | |
| **कार्य का अनुमानित लागत** : रू. 46,63,408.51/- | **निविदा धरोहर राशि** : 93,300/- |
| **कार्य समापन अवधि** : स्वीकृति पत्र के जारी होने से 04 माह तक मानसून अवधि सहित | |
| **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय** : 06.06.2025 के 15:00 बजे तक | |
| **वैधता अवधि** : निविदा खोलने की तिथि से 60 दिन | |

निविदाएं केवल वेब पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से दिनांक 06.06.2025 के 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है। पूरी जानकारी के लिए कृपया भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। 842/25(AS)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @ CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सूचना संख्याः ई.एल.जी.-03-M05-2025-26 दिनांकः 15.05.2025

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य), आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु केवल ऑन लाईन (E-Tendering) द्वारा खुली निविदा आमन्त्रित की जाती है।

| टेन्डर संख्या | कार्य की अनुमानित लागत |
|---|---|
| ELG-03-M05-2025-26 | Rs. 5268556.74 |

**कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधिः** आगरा मंडल में सुविधाओं के उन्नयन के साथ बिल्लोचपुरा स्टेशन के विकास के संबंध में विद्युतीकरण कार्य। **कार्य पूरा करने की अवधिः** 08 माह

पूरी जानकारी एवं टेन्डर में भाग लेने हेतु Indian Railways website www.ireps.gov.in देखें। टेंडर्स केवल वेब पोर्टल Indlan Rallways website www.lreps.gov.ln पर 15:00 बजे तक दिनांक 13.06.2025 तक टेन्डर डाल सकते हैं। 849/25 (ADM)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @ CPRONCR

